an>

title: Need to improve BSNL connectivity in Amreli district of Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया **(**अमरेली**) :** मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि गुजरात के अमरेली जिले के 167 गांवो में बीएसएनएल की कवरेज की समस्या बहुत ज्यादा है। इन सभी गांवों में से 62 गांवों में कवरेज की स्थिति बहुत ही दयनीय है। उक्त समस्या के समाधान के लिए वर्तमान में 62 गांवों में प्राथमिकता के आधार पर टावर की मंजूरी प्रदान करने से कुछ हद तक यहां के लोगों की मुश्किलों का हल हो सकता है और इसके लिए डीजीएम, बीएसएनएल, अमरेली की ओर से दिनांक 24.05.2010 को डीजी (सीएमटीएस) गुजरात सर्कल कार्यालय, अहमदाबाद को प्रयोजन के लिए भेजा जा चुका है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह हे कि उक्त मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए इन सभी टावरों को लगाने की मंजूरी प्रदान की जाए ताकि कवरेज की समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो सके।